जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 40
दिनांक 05.03.2024

क्षय रोगियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम लाभदायक सिद्ध होंगे
–कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

जनेकृविवि में क्षय हितग्राहियों को पोषण आहार किट वितरित

जबलपुर 05 मार्च , 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं एपीडा की रीजनल हैड नई दिल्ली, श्रीमति पूनम कपूर की गरिमामय उपस्थिति में कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अन्तर्गत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत क्षय हितग्राहियों को पोषण आहार किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम क्षय रोगियों के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे, ऐसे कार्यक्रम लगातार चलते रहना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक क्षय रोगी इस रोग से मुक्त हो सके,और लोगों में जागरूकता आ सकें।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि क्षय रोगियों के लिए डॉ. एस.एस. शुक्ला विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में, मिलेट से पौष्टिक आहार तैयार किये जा रहे है, यह पौष्टिक आहार क्षय रोगियों हेतु स्वास्थ्य वर्धक सिद्ध होंगे।

गौरतलब है कि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के संयोजन में विवि. के समस्त महाविद्यालयों में अंगीकृत किये गये क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार वितरण एवं अन्य कार्यक्रम प्रतिमाह आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अर्न्तगत अंगीकृत किये गये क्षय रोगियों की संपूर्ण जानकारी एवं उनके स्वास्थ्य में उत्तरोत्तर सुधार संबंधी जानकारी लेकर उनके पूर्ण स्वास्थ्य होने तक यह कार्यक्रम लगातार चल रहा है। इसका उद्देश्य क्षय रोगियों की सही देखभाल एवं टी.बी. मुक्त भारत बनाना है।

इस कार्यक्रम में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पौष्टिक आहार से भरपूर फूड बास्केट तैयार की गई। इसमे विभाग मे तैयार हो रहे रागी कुकीज, बाजरा कुकीज, रागी आंटा, गेहू का आंटा, मूंग दाल, मूंग फली, भुना चना, राजगीर के लड्डू, आदि रखे गये।

खाद्य वैज्ञानिक डॉ. अर्चना पाण्डे के अनुसार अब तक इस वर्ष 12 क्षय रोगी विवि. के इस अंगीकरण एवं पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम से पूर्व स्वस्थ हो चुके हैं। कार्यक्रम में 11 क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित किया गया।

इस अवसर पर संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव,विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाजपेयी, विभागाध्यक्ष डॉ.प्रवीण कुमार मिश्रा, डॉ. ब्रजेश कुमार दीक्षित, डॉ. आर.एस. रघुवंशी, डॉ. एस.पी. अग्रवाल, डॉ. बी.आर.पांडे, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी सहित प्रध्यापक,वैज्ञानिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अर्चना पाण्डे, डॉ. अमित झा, डॉ. हेमंत राहगंडाले, डॉ. प्रवीण पटले सहित खाद्य विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों एवं छात्र–छात्राओं का विशेष योगदान रहा है।